डॉ. हर्षवर्धन

Dr. Harsh Vardhan

माननीय केंद्रीय मंत्री

Hon’ble Union Minister

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय

Ministry of Health & Family Welfare



श्री अश्विनी कुमार चौबे

Shri Ashwini Kumar Choubey

माननीय राज्य मंत्री

Hon’ble Minister of State

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्रालय

Ministry of Health & Family Welfare

नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

वार्षिक रिपोर्ट 2019—2020

जवाहर लाल नेहरु मार्ग
नई दिल्ली — 110002

विषय सूची

वार्षिक रिपोर्ट

2019—2020

	पृ०सं०
अध्यक्षीय संदेश	3
निदेशक की कलम से	4
संस्थान के सबंध में	6
प्रबंधन समिति	8
वैज्ञानिक सलाहकार समिति	9
नैतिक समिति	10
वरिष्ठ कर्मचारीगण	11
अनुसंधान एवं प्रकाशन	12
वैज्ञानिक कार्यक्रमों मे भागीदारी	18
बैठकें	31
प्रशिक्षण एवं पर्यवेक्षण अनुभाग	34
नैदानिक अनुभाग	53
जनपादिक अनुभाग	57
जनस्वास्थ्य अनुभाग	59
माइक्रोबैक्टीरियल प्रयोगशाला	63
निरीक्षणात्मक कार्य	68
मोबाइल वाहन	70
पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं	71
प्राशासनिक अनुभाग	73
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र की गतिविधियों का सार	75
लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	77

अध्यक्षीय संदेश

नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र (एनडीटीबीसी) की स्थापना 20 नवम्बर 1940 को एक आदर्श क्षयरोग क्लीनिक के रूप में की गई थी। आज यह एक राष्ट्रीय स्तर का संस्थान है जो क्षयरोग एवं श्वसन रोग से पीडित रोगियों की सेवा कर रहा है और क्षयरोग तथा श्वसन रोगों के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अध्यापन तथा अनुसंधान का कार्य कर रहा है।

केन्द्र को वर्ष 2005 में दिल्ली राज्य के लिए एसटीडीसी के रूप में अभिनामित किया गया था। तभी से केन्द्र राज्य क्षयरोग नियंत्रण कार्यालय के साथ निकटता से कार्य कर रहा है। केन्द्र दिल्ली राज्य में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन (कार्यक्रम) की मॉनीटरिंग और आकलन और तिमाही रिपोर्टो का विश्लेषण, संग्रहण करता है तथा केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग, भारत सरकार को इसकी फीडबैक रिपोर्ट भेजता है।

केन्द्र की गुणतापूर्ण, सुव्यवस्थित प्रयोगशाला है जिसे केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग ने जुलाई 2008 में इंटरमीडिएट रेफरंस प्रयोगशाला के रूप में अभिनामित किया था। नए नैदानिक परीक्षणों जैसे मॉलीक्यूलर डायग्नोस्टिक, लिक्विड कल्चर और जीन सीक्वेंसिग के साथ बीएसएल III का ढांचा रोगियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में वास्तव में एक बड़ा कदम है।

केन्द्र की फैकल्टी और कर्मचारी क्षयरोग के निवारण के लिए अत्यंत प्रतिबद्ध है और उनका यह सतत प्रयास रहता है कि केन्द्र एक उत्कृष्ट संस्थान बने और वे अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य में एनटीईपी के प्रयासों में सहयोग करते हैं। मैं सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं। मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग और दिल्ली सरकार का नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र की सहायता के लिए धन्यवाद करता हूं।

डा एल एस चौहान
अध्यक्ष

निदेशक की कलम से

संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट का यह संस्करण प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। इस रिपोर्ट में क्षयरोग नियंत्रण के लिए रोगियों की उत्तम देखभाल, अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा सहायता के लिए किए गए विभिन्न कार्य और प्रयासों का विशेष विवरण दिया गया है। हमेशा की तरह हमारी प्राथमिकता रही है कि क्षयरोग के नियंत्रण के लिए रोगी के अनुकूल और प्रभावी उपचार ही किया जाए। इसमें एचआईवी/क्षयरोग सह–संक्रमण और एमडीआर–टीबी के मामलों का उपचार भी शामिल है। इसके अतिरिक्त केन्द्र, राज्य क्षयरोग प्रशिक्षण एवं निरूपण केन्द्र के तौर पर कार्य कर रहा है और दिल्ली राज्य क्षयरोग विभाग को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है।

रोगियों की देखभाल के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष के दौरान संस्थान की ओपीडी में लगभग 24,000 मरीज आए। डीआर क्षयरोग मामलों के लिए नैदानिक सहायता में 61,000 से अधिक प्रयोगशाला परीक्षण किए गए।

केन्द्र का उन्नत जीवाणु विज्ञान विभाग न केवल क्षयरोग के मामलों के लिए बल्कि एमडीआर एवं एक्सडीआर क्षयरोग के लिए भी विशेषज्ञ सेवाएं देता है। उत्तर भारत के सभी हिस्सों से आने वाले रोगियों को सेवा प्रदान करने के लिए एमडीआर क्षयरोग के त्वरित निदान के लिए एलपीए सुविधा जारी रही। संस्थान की उन्नत प्रयोगशाला ने सेकंड लाइन औषधि के लिए सभी एमडीआर मामलों की बेसलाइन डीएसटी करना भी प्रारंभ कर दिया है और राज्य में ज्ञात किए गए सभी स्मियर पॉजीटिव मामलों के लिए यूनिवर्सल डीएसटी की योजना भी बना रहा है। हमारे केन्द्र को दिल्ली राज्य में पहली बार यह शुरू करने का गौरव मिला है। हमारी प्रयोगशाला के सूक्ष्मजीव विज्ञानी, तकनीकी अधिकारी और प्रयोगशाला तकनीशियन को फाइंड प्रशिक्षण कार्यक्रमों के राष्ट्रीय प्रशिक्षकों के रूप में मान्यता मिली है और ये सक्रियता के साथ पूरे देश में काम करने वाले स्टाफ को प्रशिक्षण देते हैं। संस्थान का महामारी विभाग जोखिम के कारकों का अध्ययन कर रहा है जैसे कि उस आबादी मे तम्बाकू का प्रयोग जहां क्षयरोग महामारी के रूप में व्याप्त है और राज्य में क्षयरोग नियंत्रण की प्रवृत्ति का भी अध्ययन किया जा रहा है।

केन्द्र ने राज्य स्तर के लगभग 2800 कार्मिकों को प्रशिक्षण देकर मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों में अपना योगदान दिया। वर्ष के दौरान मेडिकल कॉलेज के स्नात्कोत्तर डीएनबी और एमपीएच एवं एमडी छात्रों और दिल्ली में विभिन्न संस्थानों को एनटीईपी मेंजागरूकता प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान ने वर्ष के दौरान परिवर्तित क्षयरोग सुपरवाइज़री पाठ्यक्रम का सफल कार्य जारी रखा।

विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया जिसे अन्य कार्यक्रमों के लिए राजनीतिक एवं सामाजिक परिवेश तैयार करने के अवसर के रूप में लिया गया। एक सप्ताह के इस आयोजन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जैसे कि स्वास्थ्य वार्ताएं, प्रतियोगिताएं, प्जल्स इत्यादि। इन कार्यक्रमों में स्टाफ और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके विजेताओं और कार्यक्रम में भाग लेने वालों को पुरस्कार एवं प्रशंसा प्रमाणपत्र दिया गया।

मैं विभिन्न बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, आंतरिक मूल्यांकन दौरों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और सीएमई में भाग लेने के लिए संकाय और तकनीकी स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूं। तकनीकी गतिविधियों को कुशलतापूर्वक संचालित करने के लिए प्रशासनिक विभाग का कार्य अत्यंत सरहानीय रहा है।

आपके सामने यह वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे हर्ष का अनुभव हो रहा है और हमारे प्रयासों को बेहतर करने के लिए मैं आपके सुझाव आमंत्रित करता हूं। प्रत्येक नए वर्ष का आगमन इस बात का सही समय होता है कि हम पिछले वर्ष के अपने कार्यो का मूल्यांकन करें, अपने कार्य–निष्पादन को समझें और भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ आगे बढ़े।

एनडीटीबी के निदेशक के रूप में मैं केन्द्र का सक्षमता से संचालन करने में सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रति कृतज्ञ हूं। मैं अध्यक्ष भारतीय क्षयरोग संघ, डीजीएचएस, दिल्ली राज्य क्षयरोग विभाग का भी हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं अध्यक्ष, वित्तीय सलाहकार, महासचिव और प्रबंध समिति के सभी सदस्यों का केन्द्र के प्रबंधन में उनके सहयोग और सहायता के लिए धन्यवाद करता हूं।

डा के के चोपडा
निदेशक

संस्थान के सबंध में

वर्ष 1940 में क्षयरोगियों को सहायक उपचार देने के लिए (जब क्षयरोग के उपचार की कोई दवा उपलब्ध नहीं होती थी) एक 'आदर्श क्षयरोग क्लीनिक' के तौर पर छोटी सी शुरूआत करने वाला नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित संस्थान बन चुका है। केन्द्र क्षयरोग और सांस के रोगों के सभी मामलों का इलाज करने के साथ–साथ क्षयरोग नियंत्रण और मॉनीटरिंग का कार्य भी कर रहा है।

नैदानिक स्तर पर क्षयरोग कर सभी नैदानिक जांच उपलब्ध हैं जिनमें लार स्मियर माइक्रोस्कोपी से लेकर मॉलीक्यूलर परीक्षण तक सभी शामिल है जिनके साथ नवीनतम होल जीनम सीक्वेंसिंग तकनीक भी उपलब्ध है जिसका उपयोग रोगियों, अनुसंधान, प्रशिक्षण और निगरानी के लिए भी किया जा रहा है।

केन्द्र का नैदानिक विभाग दिल्ली और पड़ोसी राज्यों से क्षयरोग एवं श्वसन रोगों के रेफर किए गए सभी तथा उपचार में कठिन मामलों के इलाज के लिए सेवाएं दे रहा है।

संस्थान का महामारी विज्ञान विभाग क्षयरोग नियंत्रण के कार्यो का निरीक्षण एवं उनकी मॉनीटरिंग करता है तथा राज्य स्तर पर मासिक एवं तिमाही आंकड़ों का विश्लेषण करता है और उन क्षेत्रों के जिला क्षयरोग अधिकारियों को सुधार के उपाय बतलाता है जहां कार्यक्रम में कमी पाई जाती है।

प्रशिक्षण विभाग दिल्ली और पड़ोसी राज्यों के चिकित्सा और अर्ध–चिकित्सा स्टाफ को एनटीईपी का प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यह विभाग विभिन्न संस्थानों के मेडिकल छात्रों और नर्सिंग स्टाफ के लिए अध्यापन सत्र भी आयोजित करता है।

ईको प्लेटफार्म का प्रयोग अक्सर प्रशिक्षण एवं कार्यक्रम समीक्षा के लिए किया जाता है। इससे न केवल भागीदारों की यात्रा का खर्च बचता है बल्कि क्लीनिक कार्यो के लिए उनके समय की बचत भी होती है।

हमारा संस्थान क्षयरोग के क्षेत्र में आधारभूत अनुसंधान, कार्यात्मक अनुसंधान और बहु केन्दीय अध्ययन में सक्रिय है।

संक्षेप में हमारे संस्थान के प्रमुख उद्‌देश्य हैं :

i) दिल्ली राज्य में राज्य क्षयरोग प्रशिक्षण एवं निरूपण के सभी प्रकार्य करना।
ii) दिल्ली राज्य में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देना और ऐसी नीतियां बनाने में सहायता करना जो कि सामाजिक रूप से स्वीकार्य हो और आर्थिक तौर पर व्यावहारिक हो जो कि कार्यक्रम में सहायक हों और जिनसे कार्यक्रम सुदृढ हो।
iii) क्षय एवं श्वसन रोगियों को बाहरी और आंतरिक रोगी देखभाल उपलब्ध कराना।
iv) अध्यापन एवं अनुसंधान को प्रोत्साहन देना।

प्रकार्य

i) दिल्ली राज्य में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम मॉनीटर एवं निरीक्षण करना।

ii) दिल्ली राज्य में प्रयोगशाला की बाहरी गुणवत्ता आश्वासन का निरीक्षण करना।

iii) क्षयरोग नियत्रंण एवं प्रबंधन में शामिल विभिन्न स्वास्थ्य/कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

iv) दिल्ली राज्य में आइईसी गतिविधियों का निरीक्षण एवं संवर्धन करना।

v) समान प्रयोजनों में रूचि रखने वाले अन्य संस्थानों, संघों और संस्थाओं के साथ जानकारी का आदान–प्रदान करना।

vi) नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए पेपर या पत्रिकाएं तैयार करना, मुद्रण एवं उनका प्रकाशन करना और ऐसे प्रकाशनों में योगदान करना।

vii) क्षयरोग एवं अन्य श्वसन रोगो के लिए विशेषज्ञ नैदानिक एवं उपचार सुविधाएं प्रदान करना।

viii) मूलभूत, महामारी विज्ञान, नैदानिक एवं कार्यात्मक अनुसंधान सहित क्षयरोग के विभिन्न पक्षों में अनुसंधान कार्य करना, सहायता प्रदान करना, बढ़ावा देना और उनका समन्वय करना।

ix) अनुसंधान, प्रशिक्षण और अध्यापन कार्यो के लिए नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र को बनाए रखना और उसका विकास करना।

भावी योजना यह है कि संस्थान का विकास किया जाए जहां प्रशिक्षण की अद्यतन सुविधा हो और डीआरटीबी साइट के तौर पर एमडीआर मामलों के लिए वार्डों की संख्या बढ़ाई जाए।

प्रबंधन समिति

उपाध्यक्ष भारतीय क्षयरोग संघ	अध्यक्ष
मानद कोषाध्यक्ष भारतीय क्षयरोग संघ	वित्तीय सलाहाकार
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहाकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	सदस्य
संयुक्त सचिव (स्वास्थ्य) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	सदस्य
उप महानिदेशक (क्षयरोग) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	सदस्य
निदेशक क्षय एवं श्वसन का राष्टोय संस्थान	सदस्य
निदेशक स्वास्थ्य सेवायें (दिल्ली) स्वास्थ्य सेवा निदेशालय – दिल्ली प्रशासन	सदस्य
निदेशक बल्लभ भाई पटेल चेस्ट संस्थान	सदस्य
निदेशक सेवाएं नई दिल्ली नगरपालिका परिषद	सदस्य
महासचिव भारतीय क्षयरोग संघ	सदस्य
अवैतनिक महासचिव दिल्ली क्षयरोग संघ	सदस्य
निदेशक रेलवे मंत्रालय	सदस्य
निदेशक नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	सदस्य–सचिव

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

डा. एल एस चौहान अध्यक्ष नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	अध्यक्ष
डा. अश्वनी खन्ना राज्य क्षयरोग अधिकारी दिल्ली राज्य	सदस्य
प्रो. राज कुमार निदेशक बल्लभ भाई पटेल चेस्ट संस्थान	सदस्य
डा. वरिन्द्रर सिंह प्राध्यापक बाल चिकित्सा कलावती अस्पताल लेडी हार्डिंग मेंडिकल कालेज	सदस्य
डा. एम. हनीफ के. एम. जीवाणु वैज्ञानिक नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	सदस्य
डा. निशि अग्रवाल सांख्यिकीविद् नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	सदस्य
डा. के. के. चोपड़ा निदेशक नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	सदस्य–सचिव

नैतिक समिति

प्रो नन्दनी शर्मा निदेशक प्रोफेसर एवं अध्यक्ष सामुदायिक चिकित्सा विभाग मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान कालेज	अध्यक्ष
डा. विशाल खन्ना छाती विशेषज्ञ एवं जिला क्षयरोग अधिकारी लोक नायक अस्पताल	सदस्य
श्री सी पी बवेजा प्रोफेसर मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान कालेज	सदस्य
डा. एम. हनीफ के. एम. जीवाणु वैज्ञानिक नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	सदस्य
डा. राजेश कुमार प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा विभाग मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान कालेज	सदस्य
श्री टी एस आलूवालिया महासचिव भारतीय क्षयरोग संघ	सदस्य
श्री. सवेताकेतु मिश्रा वकील	सदस्य
डा. निशि अग्रवाल सांख्यिकीविद्, नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	सदस्य
श्री. सीरी कुमार पिल्लई दिल्ली क्षयरोग संघ	सदस्य
श्री. वेद प्रकाश समुदाय व्यक्ति	सदस्य
डा. शंकर माटा जानपादिकरोगविभागी नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र	सदस्य–सचिव

वरिष्ठ कर्मचारीगण

डा. के. के. चोपड़ा ए.बी.बी.एस., एम.डी., डी.टी.सी.ई.	निदेशक
डा. संजय राजपाल एम.बी.बी.एस., डी.टी.सी.डी., एफ.एन.सी.सी.पी.	छाती विशेषज्ञ
डा. महमूद हनीफ पी.एच.डी.	जीवाणु वैज्ञानिक
डा. (श्रीमति) निशि अग्रवाल पी.एच.डी.	सांख्यिकीविद्
डा. शंकर माटा एम.बी.बी.एस., एम.डी.	जानपादिकरोगविभागी
डा. शिवानी पवार एम.बी.बी.एस., डी.टी.सी.डी.	चिकित्सा अधिकारी
श्री. एस के सैनी स्नातक, एआईसीडब्लयूए	प्रशासनिक अधिकारी

अनुसंधान एवं प्रकाशन

(क) <u>प्रकाशित/प्रस्तुत अनुसंधान पेपर</u>

वर्ष 2019–20 में केन्द्र के संकाय (फैकल्टी) ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जनरलों में निम्नलिखित अनुसंधान पेपर प्रकाशित किए अथवा दिए हैं :

1. दिल्ली में एमडीआर क्षयरोग मामलों में दवा संवेदी पैटर्न एवं प्रवृत्तियां (2009–2014) : रिकार्ड, आधारित अध्ययन इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस, संस्करण 66 सं.2, 2019, 222–226 में प्रकाशित।

2 जरएट्रिक टीबी : अंडर एनटीईपी फोक्सड एटेन्शन अंडर एनटीईपी : इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस, अंक 66 (2019), सं.3:515–518 में प्रकाशित संपादकीय।

3. डायग्नोसिस ऑफ क्यूटेनियस टीबी – टैकलिंग द पिटफॉल– मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज में 28 जुलाई 2019 को हुई सीएमई में 'क्यूटेनियस टीबी' में रखी गई पैनल चर्चा।

4. ''एंड टीबी स्ट्रेटजी।'' इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस, अंक 66 (2019) : 163–164 में प्रकाशित लेख।

5. ''क्रॉस रसिस्टेन्स अमंग एंटी टीबी ड्रग्स।'' ट्यूबरक्लोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया सोवनियर 2019 में प्रकाशित संपादकीय। .

6. पार्टनरशिप इन ट्यूबरक्लोसिस कंट्रोल थ्रू इन्वालवमेंट ऑफ फार्मसिस्ट्स इन दिल्ली : एन एक्सप्लोरेटरी ऑपरेशनल रिसर्च स्टडी। इंडियन जरनल ऑफ फॉर्मक्लोजी–संख्या 51, अंक 3, मई–जून 2019 में प्रकाशित पेपर।

7. ''चेंजिग क्लाइमेट ण्ड रेसप्रेटरी डिसीजीज़'' इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस, अंक 66 (2019) : 431–432 में प्रकाशित संपादकीय।

8. ''जरनी ऑफ ट्यूबरक्लोसि कंट्रोल इन इंडिया'' इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस, अंक 66 (2019) : 178–183 में प्रकाशित पेपर।

9. ''ट्यूबरक्लोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया'' – इन ए ट्यूबरक्लोसिस रोल'' इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस, अंक 66 (2019) : 505–506 में प्रकाशित संपाकदीय।

10. ''अवेयरनेस एण्ड प्रस्पेक्टिव ऑन एक्सपेंशन ऑफ लेटेंट टीबी मैनेजमेंट अमंग पब्लिक सेक्टर फीजिशियन एण्ड मेडिकल ट्रेनीस इन दिल्ली'' इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस, संख्या 67, अंक 2, 2020:208–212 में प्रकाशित पेपर।

11. ''एनवायरमेंट क्लाइमेट एण्ड जेरीएट्रिक पॉपुलेशन'' इंडियन जरनल ऑफ जेरीएट्रिक, अक्तूबर 2019 में प्रकाशित पेपर।

12. ''न्यूर डायग्नोस्टिक टेस्ट फॉर ट्यूबरक्लोसिस : देयर यूटलिटी एण्ड लिमिटेशन्स'' करंट मेडिकल रिसर्च एण्ड प्रैक्टिस ' 2020 में प्रकाशित समीक्षा लेख।

13. ''आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस एण्ड टीबी मैनेजमेंट वे फॉरवर्ड'' जनवरी 2020.67 (2020) 1–2 में प्रकाशित इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस में प्रकाशित संपादकीय।

14. ''ट्यूबरक्लोसिस इन स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन'' – स्टैंडर्ड गाइडलाइन 2020 में प्रकाशित चैप्टर।

15. ''सेकंड लाइन ड्रग ससेप्टिबिल्टी ऑफ मल्टी ड्रग एण्ड रिफेम्निसिन रिस्टेन्ट माइकोबैक्टिरियम ट्यूबरक्लोसिस आइसालेट इन दिल्ली'' बायोमेडिकल एण्ड बायोटेक्नॉलजी रिसर्च जनरल संख्या 3, अंक 2 : अप्रैल–जून 2019

16. ''ड्रग रिस्टेन्स इन ट्यूबरक्लोसिस : ए क्लीनिकल व्यू'' ''जरनल ऑफ महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिस'' संख्या 25, अंक 1:2020:पी 15–18

(ख) <u>अनुसंधान परियोजनाएं</u>

1. नई दिल्ली के जेलों में क्षयरोग देखभाल का ढांचा

नई दिल्ली के जेलों में क्षयरोग देखभाल का ढांचा'' नामक परियोजना सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस अध्ययन का उद्देश्य एसीएफ (एक्टिव केस फाइंडिग) सर्वेक्षण द्वारा तिहाड और रोहिणी जेल कें कैदियों में क्षयरोग का पता लगाना था। क्षयरोग के लक्षण वाले मामलो की क्षयरोग के लिए पुष्टि की गई। इसके लिए एनटीईपी के अंतर्गत नैदानिक एलगोरिथम के अनुसार क्षयरोग का परीक्षण किया गया। इस अध्ययन का दूसरा प्रयोजन यह था कि जेल के प्राधिकारियों के साथ विचार–विमर्श से ऐसी प्रणाली तैयार की जाए जिससे जेल से रिहा होने के बाद भी क्षयरोग के लक्षण वाले कैदियों का इलाज जारी रहे। यह परियोजना राज्य क्षयरोग सैल के सहयोग से चलाई गई। इस परियोजना के पीछे विचार यह था कि तिहाड जेल में क्षयरोग के मामले ज्ञात किए जाएं और सीबीनैट से क्षयरोग की स्थिति की पुष्टि की जा सके और उनका इलाज शुरू किया जा सके। यह दो वर्ष की परियोजना थी जिसमें तिहाड और रोहिणी जेल में सक्रिय मामलों का पता लगाया गया। इस अध्ययन से बहुत महत्त्वपूर्ण नतीजे सामने आए। तिहाड़ में 17965 कैदियों का साक्षात्कार किया गया और इनमें से 914 लोगों में लक्षण पाए गए। इनमें से 106 क्षयरोग के मामले पाए गए। इसी प्रकार रोहिणी जेल में 927 कैदियों का साक्षात्कार किया गया और इनमें से 104 में लक्षण पाए गए। इस अध्ययन यह सामने आया कि उच्च जोखिम वाले समूह को लक्षित किए जाने पर सक्रिय मामले पता लगाने के महत्त्वपूर्ण लाभ हैं। इस परियोजना का एक प्रमुख सुझाव यह था कि कैदी/दोषी व्यक्ति का समय पूरा होने/उसे रिहा किए जाते ही, जैसा भी मामला हो, जेल के अधिकारियों ऐसी व्यवस्था तैयार करे जिससे जेल के अधिकारी जिला/स्वास्थ्य प्राधिकारी के सीएमओ के संपर्क में रहें।

2. नई दिल्ली में नसों में सुई द्वारा मादक पदार्थ लेने वाले लोगों में सक्रियतापूर्वक क्षयरोग की पहचान करने के लिए अभियान

सक्रियतापूर्वक मामलों को पता लगाने का अभियान का केन्द्र ने सक्रियता से प्रसार किया। इस कार्यक्रम में क्षयरोग के लक्षण वाले लोगों का पता लगाने के लिए घर–घर जाकर सर्वेक्षण किया गया। इस अभियान का प्रयोजन है (क) क्षयरोग की आशंका वाले लोगों में जल्दी पहचान करना (ख) जल्दी निदान करना (ग) उपचार की तैयारी करना (घ) उपचार एवं देखभाल को जोड़ना। लक्षित जन समुदाय : दिल्ली के यमुना बाज़ार, हनुमान मंदिर, कनॉट प्लेस क्षेत्र में सुई द्वारा मादक पदार्थ लेने वाले। क्षेत्र में जाकर काम करने वाले दलों को प्रशिक्षण देने के उपरांत नई दिल्ली नगरपालिका (एनडीएमसी) और पीली कोठी चैस्ट क्लीनिक की सहायता से सक्रियतापूर्वक मामलों का पता लगाने का काम शुरू किया जाएगा। 4 लक्षणों वाले मानदंड के आधार पर लक्षणों वाले 256 लोगों की जांच की गई। इनमें से 30 क्षयरोगी पाए गए और उनका इलाज शुरू किया गया तथा 12 लोगों को निगरानी में रखा गया।

3. दिल्ली मे एमडीआर–क्षयरोगियों में काउंसलिंग मध्यस्थता प्रभाव के नतीजे

यह एक मध्यस्थतापूर्ण अध्ययन है। एमडीआर–क्षयरोग की एलटीएफयू (लेफ्ट टू फॉलोअप) दर उच्च होती है और इसके लिए काउंसलिग उस मध्यस्थता का काम कर सकती है जिससे इसे रिवर्स किया जा सकता है। इस काम के लिए व्यावसायिक तौर पर प्रशिक्षित की नियुक्ति की गई है। इसका उद्‌देश्य निम्नलिखित के द्वारा काउंसलिंग मध्यस्थता के प्रभाव का आकलन करना है :

क) डीआर क्षयरोगियों में उपचार का पालन
ख) डीआर क्षयरोगियों में फॉलोअप की कमी
ग) डीआर क्षयरोगियो और उनके परिवार के सदस्यों को मानसिक सामाजिक सहायता प्रदान करना
घ) रोगियों के घरवालों में शुरूआत में क्षयरोग का पता लगाना
ड) रोगी को विद्यमान सामाजिक सहायता सेवाओं से जोड़ना

अब तक 106 एमडीआर मामलो को अध्ययन में शामिल किया गया है। यह अध्ययन प्रक्रियाधीन है।

4. राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत दिल्ली राज्य में माइकोबैक्टिरियल रोधी दवा प्रतिरोधकता हाटस्पॉट की मैपिंग

यह अध्ययन दिल्ली सरकार और समिति की वित्तीय सहायता से एनडीटीबी केन्द्र और टीबी एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने किया। यह अध्ययन दिल्ली में दवा प्रतिरोधक क्षयरोग के मामलों के हाटस्पॉट पता लगाने के लिए किया गया जिससे कि ज्ञात क्षेत्रों में पर्याप्त नैदानिक और उपचारात्मक सेवाएं दी जा सके। जीआईएस की सहायता से मध्य दिल्ली क्षेत्र में पाए गए 20 एमडीआर मामलो में पूर्व परीक्षण किया गया। इसके परिणामों के आधार पर इसका विस्तार पूरी दिल्ली में किया जाएगा।

5. बीट (बिल्डिंग एवीडेंस फॉर एडवांस ट्रीटमेंट अगेन्स्ट ट्यूबकरक्लोसिस) अध्ययन :

प्रयोगशाला सक्रिय रूप से बीट (बिल्डिंग एवीडेंस फॉर एडवांस ट्रीटमेंट अगेन्स्ट ट्यूबकरक्लोसिस) गतिविधि में भागीदारी कर रही है जिसका नाम है ''पूर्व–व्यापी (प्री–एक्सडीआर) और दवा प्रतिरोधक प्लमनरी ट्यूबरक्लोसिस (एक्सडीआर–टीबी) वाले वयस्कों में बेडाएक्वीलाइन, डीलामेनिड, लाइनजॉलिड और क्लाफ़ेज़ामाइन के प्रभाव और सुरक्षा का मूल्यांकन'' यह एक भावी सहयोगी अध्ययन है जो कि आरबीआईपीएमटी और एनआईआरटीडी के सहयोग से निम्नलिखित उद्देश्य से किया गया :

क. पूर्व एक्सडीआर या एक्सडीआर–टीबी वाले रोगियों में बीडीक्यू, डीएलएम, एलजैडडी और सीएफजैड के 24–36 सप्ताह (6–9 महीने) के उपचार पथ्य की सुरक्षा और सहनीयता का मूल्यांकन करना।
ख. इस उपचार पथ्य के संयोजन के साथ लार (स्पूटम) कल्चर रूपांतरण का समय ज्ञात करना।
ग. 2, 8 और 16 सप्ताह में डीएलएम, बीडीक्यू और उनके मेटाबोलाइट की स्थिर अवस्था स्तर का पता लगाना।
घ. संयोजन उपचार पथ्य (गहन पीके) पर पूर्व–एक्सडीआर और एक्सडीआर–क्षयरोगियों में उपसमूह में बीडीक्यू और डीएलएम के स्थिरावस्था फार्माकाकनेटिक्स का अन्वेषण।

6. स्ट्रीम (स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट रिजीम ऑफ एंटी–ट्यूबरक्लोसिस ड्रग्स फॉर पेशेंट विद एमडीआर–टीबी) अध्ययन :

स्ट्रीम (स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट रिजीम ऑफ एंटी–ट्यूबरक्लोसिस ड्रग्स फॉर पेशेंट विद एमडीआर–टीबी) का पूर्व–परीक्षण दिल्ली में किया गया। यह पूर्व–परीक्षण यूनीयन एण्ड इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसन (आईटीएम), बेल्जियम के सहयोग से किया गया और इसके लिए आरबीआईपीएमटी को प्रयोगशाला के साथ स्थल के रूप में चुना गया। हमारी प्रयोगशाला इस पूर्व–परीक्षण के लिए नैदानिक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। यह पूर्व–परीक्षण प्रगति पर है और इसके निम्नलिखित प्रयोजन हैं :

पथ्य पर रखे गए अनुकूल प्रभावोत्पादक नतीजों वाले उन लोगों के अनुपात का 76वें सप्ताह में आकलन करना जिन्हें 40 सप्ताह तक बेडाएक्वीलाइन, क्लोफेज़ीमाइन, एथाम्ब्यूटल, लीवोफ्लोक्सिन और पायराजिनमाइड दिया गया तथा पहले 16 सप्ताह तक प्रोथिऑनमाइड सप्लीमेंट दिए गए (गहन अवस्था) ।

7. राष्ट्रीय क्षयरोग प्रसार सर्वेक्षण

केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग (सीटीडी), भारत सरकार ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), नई दिल्ली, राष्ट्रीय क्षयरोग अनुसंधान संस्थान, चेन्नई और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के सहयोग से भारत में राष्ट्रीय क्षयरोग प्रसार का सर्वेक्षण कर रहा है। इसके लिए एनआईआरटी, चेन्नई को नोडल एवं समन्वयक केन्द्र के तौर पर लिया गया है। राष्ट्रीय स्तर के इस सर्वेक्षण का उद्देश्य भारत में प्लमनरी क्षयरोग के प्रसार बिन्दु का आकलन करना है। इसके लिए सीटीडी ने कई आईआरएल और एनआरएल का चयन किया है जिसमें हमारी प्रयोगशाला भी शामिल है जो इस सर्वेक्षण का हिस्सा है और नैदानिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। प्रयोगशाला ने चुनिंदा समूह से नमूने लिए और उन्हें कल्चर तथा दवा सुग्राहता परीक्षण के लिए क्रियान्वित किया गया है।

8. बच्चों में प्लमनरी क्षयरोग का पता लगाने के लिए स्टूल कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन की उपयोगिता

यह अध्ययन एलएन हस्पताल के साथ मिल कर नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में किया जा रहा है। चैस्ट क्लीनिक, लोकनायक हस्पताल में आने वाले सभी रोगियों का बालरोग विभाग में प्लमनरी क्षयरोग के लिए आकलन किया जाएगा और जांच के लिए नामांकित किया जाएगा। अध्ययन मानदंड को पूरा करने वाले रोगियों से लिखित सहमति और/या अनुमति ली जाएगी। नामांकित किए गए मामलों की विस्तृत हिस्टरी और नैदानिक जांच तथा सीएक्सआर एवं मैनटोक्स सहित नियमित क्षयरोग के लिए जांच की जाएगी। इन मामलों से गैस्ट्रिक एसपिरेट नमूने (5मिलि) और स्टूल के नमूने (5ग्रा.) लिए जाएंगे। इसके बाद वर्तमान प्रचालन दिशा–निर्देशों के अनुसार एनडीटीबी केन्द्र में नमूनों का क्रियान्वयन किया जाएगा। दोनों नमूनों को माइकोबैक्टिरियल संवृद्धि सूचक ट्यूब कल्चर पर रखा जाएगा। परीक्षण प्रक्रिया के उपरांत प्राप्त आंकड़ों को माइक्रोसॉफ्ट एक्सल शीट में प्रविष्ट किया जाएगा और उनका विश्लेषण किया जाएगा। निर्धारक परिवर्तकों जैसे स्टूल सीबीएनएएटी और गैस्ट्रिक एसपीरेट सीबीएनएएटी पॉजिटिव को अनुपात के रूप में दर्शाया जाएगा।

9. पुनरावर्ती मूत्रमार्ग संक्रमण ग्रस्त वैवाहिक महिलाओं में मूत्र प्रजनन क्षयरोग

यह अध्ययन मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज और लोकनायक हस्पताल के सहयोग से किया जाएगा। रोगियों को सुबह जल्दी तीन निरंतर नमूने देने के लिए कहा जाएगा। ये नमूने सभी जीवाणुरहित स्थितियों में खुले मुंह वाले जीवाणुहीन कंटेनर में लिए जाएंगे। मूत्र के नमूने को तत्काल क्रियान्वित किया जाएगा। विवाहित महिला रोगी से मासिक धर्म से पूर्व की अवस्था में एण्डमोम्ट्रायल बायोप्सी ली जाएगी। नमूनों को पूर्ण रोगाणुहीन स्थितियों में दो अलग–अलग जीवाणुरहित कंटेनरों मे लिया जाएगा। एक कंटेनर फॉर्मलिन युक्त और दूसरा कंटेनर सामान्य

सलाइन वाला होगा। इन कंटनरों पर रोगी का पूरा विवरया होगा और इसे 4 घंटों के भीतर प्रयोगशाला में ले जाया जाएगा। मूत्र को अपकेन्द्रित किया जाएगा और एण्डोमीट्रायल बायोप्सी नमूने को क्रियान्वित किया जाएगा और इसकी एसिड फास्ट स्ट्रेनिंग तथा लोएनस्टेन–जेनेसन मीडियम और माइकोबैक्टिरियम संवृद्धि सूचक टयूब (एमजीआईटी) पर कल्चर और दवा संवेदी परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण प्रक्रिया के बाद आंकड़ों को एमएस–एक्सएल में प्रविष्ट किया जाएगा और अध्ययन के उद्देश्य के अनुसार एसपीएसएस से आंकड़ों का विश्लेषण किया जाएगा।

10. त्वचीय क्षयरोग का त्वरित पता लगाने और रिफ्एम्पीसिन प्रतिरोधकता ज्ञात करने में कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन परीक्षण (सीबीनैट) की भूमिका

यह अध्ययन मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज और लोकनायक हस्पताल के सहयोग से एनडीटीबी केन्द्र पर किया जाएगा। चुने गए रोगियों के लेसियन से लिए गए बायोप्सी नमूने का हिस्टोपैथलॉजी द्वारा परीक्षण, सीबीएनएएटी और लिक्विड कल्चर किया जाएगा। इससे प्राप्त आंकडों का विंडो संस्करण (एसपीएसएस Inc., शिकागो, आईएल, अमेरिका) स्टेटिस्कल पैकेज कार्यक्रम के लिए विश्लेषण किया जाएगा।

ग) <u>यूनीयन वर्ल्ड लंग हेल्थ कान्फ्रेस 2019 के लिए प्रस्तुत सार</u>

1. दिल्ली, भारत में भारतीय डाक सेवा द्वारा क्षयरोग के नमूनों का परिवहन, डा एम हनीफ द्वारा प्रस्तुत ई–पोस्टर।

2. "दिल्ली, भारत में उन दवा प्रतिरोधिकता रोगियों में उपचार के नतीजे जिन्हें अल्प बहुदवा प्रतिरोधकता क्षयरोग पथ्य दिया गया।" डा के के चोपड़ा द्वारा पोस्टर प्रस्तुतीकरण।

वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भागीदारी

1. 1 अप्रैल 2019 को जीईईटी टीम ने बतरा हस्पताल में सीएमई का आयोजन किया। इसमें डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एमडीआर' मामलों के उपचार'' पर व्याख्यान दिया। डा चोपड़ा पैनल चर्चा का भी हिस्सा रहें जिसमें ''एनटीईपी'' मे निजी क्षेत्र की भागीदारी विषय पर चर्चा की गई।

2. एसटीडीसी दिल्ली में 2 अप्रैल 2019 को दिल्ली राज्य पीएमडीटी समीक्षा बैठक हुई। कल्चर डीएसटी प्रयोगशालाओं और डीआरटीबी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों ने अपनी तिमाही रिपोर्टें प्रस्तुत की। इसमें प्रयोगशालाओं तथा नोडल डीआरटीबी केन्द्रो से जुड़े विभिन्न मुद्‌दों पर चर्चा की गई।

3. मेडिकल कॉलेजों में रेफरल इकाईयों के कर्मचारियों के लिए 4 अप्रैल 2019 को कार्यशाला की गई जिसमें रेफरल इकाईयों की स्थिति तथा प्रचालन कार्य पर चर्चा की गई।

4. जेईईटी परियोजना के अंतर्गत 04 अप्रैल 2019 को बालाजी एक्शन हस्पताल में सीएमई आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''एनटीईपी'' के अंतर्गत क्षयरोग अधिसूचना'' विषय पर व्याख्यान दिया।

5. विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर दिल्ली क्षयरोग संघ ने टेक महिन्द्रा स्मार्ट एकेडमिक इंस्टीट्‌यूट के साथ सीएमई का आयोजन किया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''क्षयरोग एवं डीआर–क्षयरोग के निदान एवं निदान के नए साधन'' विषय पर व्याख्यान दिया।

6. जेईईटी परियोजना के अंतर्गत 12 अप्रैल 2019 को अपोलो हस्पताल में सीएमई आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''एनटीईपी के अंतर्गत क्षयरोग अधिसूचना'' विषय पर व्याख्यान दिया।

7. विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर दिल्ली क्षयरोग संघ द्वारा 16 अप्रैल 2019 को सीएमई का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी, पश्चिमी जिला के तहत आम आदमी पॉलीक्लीनिक, पश्चिम विहार के आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक में सूचीबद्ध/तैनात डाक्टरों के लिए आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''क्षयरोग एवं डीआर–क्षयरोग के निदान एवं निदान के नए साधनों'' विषय पर व्याख्यान दिया।

8. 22 अप्रैल 2019 को एचआईवी रोगियों के साथ रहने वाले नेशनल कोलेशन ऑफ पेशेंट के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई यह बैठक परियोजना ''सुई द्वारा मादक पदार्थ लेने वालों मे क्षयरोग मामले का सक्रियतापूर्वक निदान एवं प्रबंधन''के बारे में थीं ।

9. उत्तर–पश्चिमी जिले के औषधालयों के चिकित्सा अधिकारियों के लिए 23 अप्रैल 2019 को एक एनटीईपी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एनटीइपी के तहत क्षयरोग निदान एवं प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

10. 24 अप्रैल 2019 को डा शंकर माटा (एपिडिमॉलाजिस्ट) और डा के के चोपड़ा (निदेशक) ने तिहाड़ जेल का निरीक्षण दौरा किया। यह निरीक्षण ''जेलों में क्षयरोग देखभाल का ढांचा'' की प्रगति की समीक्षा करने के लिए किया गया।

11. 25 अप्रैल 2019 को, आकाश सुपर स्पेशिल्टी हस्पताल द्वारका में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग अधिसूचना'' पर व्याख्यान दिया।

12. 26 अप्रैल 2019 को, अपोलो हस्पताल में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''एनटीईपी के अंतर्गत एनटीईपी प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

13. एक मई 2019 को एसटीडीसी हब से ईको क्लीनिक का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक, एनडीटीबीसी ने निक्षय और डीबीटी पर उद्बोधन दिया। केन्द्रीय क्षयरोग प्रबंधन प्रभाग से निक्षय टीम ने भी चर्चा में भाग लिया। टीम ने निक्षय प्रविष्टियों से संबंधित विषयों पर मामलों पर चर्चा की और उनका समाधान किया।

14. ईको इंडिया टीम ने 2 मई 2019 को ईको इमरशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यशाला अत्यंत कुशलता से सफलतापूर्वक ईको क्लीनिक चलाने वाले लोगों के विशिष्ट कार्यों का सारांश थी। डा के के चोपड़ा, निदेशक एनडीटीबीसी ने कार्यशाला में वक्ता थे। उन्होंने दिल्ली राज्य में पैरामेडिकल स्टाफ के लिए ईको क्लीनिक की गतिविधियां सामने रखी।

15. भारतीय चिकित्सा संघ, दक्षिण दिल्ली शाखा ने 3 मई 2019 को जेईइटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग अधिसूचना'' पर व्याख्यान दिया।

16. भारत में क्षयरोग उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय नीतिगत योजना 2017–2025 में सर्वोत्तम योगदान देने के लिए उत्तर रेलवे केन्द्रीय हस्पताल ने 13 मई 2019 को सीएमई का आयोजन किया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एनटीईपी के अंतर्गत क्षयरोग के उपचार एवं रेफरल प्रणाली'' विषय पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में 30 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया।

17. क्षयरोग मुक्त रोहिणी परियोजना के अंतर्गत रोहिणी चैस्ट क्लीनिक द्वारा हैदरपुर गांव की एक लाख की जनसंख्या की जांच के लिए एप्प आधारित एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने 14 मई 2019 को हैदरपुर गांव में कार्य करने वाले 27 आशा कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

18. एम्पॉवर स्कूल ऑफ हेल्थ (एम्पॉवर) एण्ड यूनियन की मदद से फाइंड इंडिया क्षयरोग प्रयोगशाला से सबंधित ई–प्रशिक्षण विषयवस्तु विकसित कर रहा है। प्रयोगशाला से संबंधित इस ई–प्रशिक्षण विषयवस्तु की समीक्षा के लिए 20–20 मई 2019 को एनडीटीबी केन्द्र मे एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलाजिस्ट और डा वसीम तकनीकी अधिकारी ने कार्यशाला में भाग लिया जिसमें ई–मॉडयूल का मूल्यांकन करने में उनकी सहायता की गई।

19. 23 मई 2019 को एसटीडीसी में पीएफएमएस पर एक दिन की कार्यशाला आयोजित की गई। एनटीईपी जिलों के डाटा एंट्री ऑपरेटर और राजस्व जिले के जिला लेखा अधिकारी ने कार्यशाला में भाग लिया। केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग के प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

20. एनआईआरटी चेन्नई में 24 मई 2019 को सूक्ष्मजैविक रूप से पुष्टिकृत मामलों के आकलन बिन्दु प्रसार के लिए राष्ट्रीय क्षयरोग प्रसार सर्वेक्षण के प्रति जागरूकता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलाजिस्ट ने कार्यशाला में भाग लिया।

21. 28 मई 2019 को एसटीडीसी में पहली तिमाही 2019 की दिल्ली राज्य एनटीईपी की समीक्षा बैठक हुई। केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग के अपरसचिव ने दिल्ली एनटीईपी के कार्य की समीक्षा की। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने चैस्ट क्लीनिकों की जिलावार रिपोर्ट प्रस्तुत की और फीडबैक दिया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने जल्दी ही शुरू किए जाने वाले राष्ट्रीय क्षयरोग प्रसार सर्वेक्षण का सार भी सामने रखा और डीटीओ के लाभ के लिए इसकी क्रिया प्रणाली के बारे में बताया।

22. आईआरएल, एनडीटीबी केन्द्र स्ट्रीम स्टडी के लिए प्रयोगशाला सहायता प्रदान कर रहा है। परियोजना की मॉनीटरिंग टीम ने प्रयोगशाला का दौरा किया तथा परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

23. 04 जून 2019 को, फोर्टिस हस्पताल, वसंत कुंज द्वारा जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और "एनटीईपी के अंतर्गत क्षयरोग प्रबंधन एवं अधिसूचना" पर व्याख्यान दिया।

24. डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलाजिस्ट ने 21 जून 2019 को केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग में बैठक में भाग लिया। यह बैठक एनटीईपी के संवितरण से जुड़े सूचकों (डीएलआई) के अंग के रूप में दस्तावेज तैयार करने के लिए की गई। अंतिम रूप से तैयार किए गए दस्तावेज विश्व बैंक को दिए जाएंगें और बाद में एनटीईपी की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगें।

25. यमुना बाज़ार और कनाट प्लेस क्षेत्र में काम करने वाले डीएसएसी और एनजीओ विहान के प्रतिनिधियों के साथ 1 जुलाई 2019 को बैठक की गई। यह चर्चा ''आई/वी ड्रग लेने वालों में सक्रिय मामलों का पता लगाने'' की परियोजना के बारे में थी।

26. 03 जुलाई 2019 को भगत हस्पताल में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

27. 03 जुलाई 2019 को एसटीडीसी हब से ईको क्लीनिक आयोजित किया गया। सीटीडी के प्रतिनिधियों ने 'उपचार सहायक भुगतान के नए मॉडयूल' पर उद्बोधन दिया।

28. 05 जुलाई 2019 को एसटीडीसी हब से ईको क्लीनिक आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक एनडीटीबीसी ने ''निक्षय औषधी पोर्टल में प्रविष्टियों की समीक्षा की स्थिति'' पर उद्बोधन दिया।

29. ''आई वी ड्रग लेने वालों में सक्रिय मामलों का पता लगाने'' शीर्षक के अंतर्गत परियोजना के तहत परियोजना स्टाफ को डा शंकर माटा एपीडिमालाजिस्ट ने प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया।

30. दिल्ली सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ रेशनल यूज ऑफ ड्रग्स (डीएसपीआरयूडी) ने नर्सो के लिए 08 से 12 जुलाई 2019 तक मेडिकल शिक्षा विभाग, मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलज, नई दिल्ली में पांच दिवसीय 'संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण' पर साटिफिकेट कोर्स का आयोजन किया। इस कोर्स के दौरान डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''क्षयरोग संचरण के नियंत्रण'' पर एक सत्र लिया।

31. 13 जुलाई 2019 को जयपुर गोल्डन हस्पताल में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग अधिसूचना'' पर व्याख्यान दिया।

32. रोहिणी जेल संख्या 3 के मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए 15 जुलाई 2019 को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा शंकर माटा एपीडिमालाजिस्ट ने रोहिणी जेल में सक्रिय मामलों का पता लगाने की योजना पर चर्चा की और इसके बार में बाताया तथा क्षयरोग के प्रति जागरूक किया।

33. 16 जुलाई 2019 को जेनसन समूह के चिकित्सा परामर्शक के प्रतिनिधियों और फील्ड कार्यक्रम प्रबंधक के साथ बैठक की। यह चर्चा दिल्ली में संवेदनशील समूहों में सक्रिय मामले ज्ञात करने की वर्तमान अनुसंधान परियोजना के लिए सहयोग करने के बारे में थी।

34. 19 जुलाई 2019 को डीएमए–पूर्वी दिल्ली में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग प्रबंधन एवं एनटीईपी'' पर व्याख्यान दिया।

35. 27 जुलाई 2019 को जयपुर गोल्डन हस्पताल में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग अधिसूचना'' पर व्याख्यान दिया।

36. क्यूटेनिस ट्यूबरक्लोसिस –'ए मल्टीडिस्पनरी एप्रोच' पर 28 जुलाई 2019 को मौलान आजाद मेडिकल कॉलेज मे सीएमई का आयोजन किया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने मॉडरेटर के रूप में सीएमई में भाग लिया जिसमें 'डायग्नोसिस ऑफ क्यूटेनिस टीबी : टेकलिंग द पिटफॉल' पर पैनल चर्चा हुई।

37. 30 जुलाई 2019 को एमजीएस हस्पताल में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

38. 31 जुलाई 2019 को एसटीडीसी हब से ईको क्लीनिक आयोजित किया गया। इसमें पीएमडीटी तिमाही रिपोर्टों के संशोधित प्रारूप पर चर्चा हुई। डीटीओ, एमओ और निरीक्षकों ने क्लीनिक में भाग लिया।

39. 1 अगस्त 2019 को कलावती सरन हस्पताल में परियोजना ''बाल क्षयरोग मामलों में समूहगत नमूनों की संवेदनशीलता'' के कियान्वयन पर पर चर्चा के लिए बैठक हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलाजिस्ट ने इसमें भाग लिया।

40. 3 अगस्त 2019 को परियोजना ''तिहाड़ जेल में क्षयरोग देखभाल का बुनियादी ढांचा'' से सबंधित एक बैठक रोहिणी जेल के प्राधिकारियों के मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा शंकर माटा एपीडिमालाजिस्ट ने बैठक में भाग लिया। मेडिकल स्टाफ के साथ इसके ब्यौरे और प्रणाली पर चर्चा की।

41. 7 अगस्त 2019 को गंगाराम हस्पताल में जेईईटी परियोजना के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने हस्पताल में डॉट केन्द का उद्घाटन किया।

42. 8 अगस्त 2019 को भारतीय क्षयरोग संघ में 74वें नेटकॉन 2019 का वैज्ञानिक कार्यक्रम तैयार करने के लिए बैठक की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने वैज्ञानिक समिति के सदस्य के तौर पर बैठक में भाग लिया।

43. नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में 09 अगस्त 2019 को दिल्ली राज्य एनटीईपी समीक्षा बैठक हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने 25 चैस्ट क्लीनिकों की तिमाही रिपोर्टों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। बैठक में एनटीईपी के विभिन्न कार्यो पर चर्चा की गई जिसमें क्षयरोग प्रबंधन की चुनौतियों एवं निक्षय प्रविष्टियों पर चर्चा भी शामिल थी।

44. केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग ने 19 से 31 अगस्त 2019 को एनआईटीआरडी में राष्ट्रीय स्तर के एनटीईपी मॉड्यूलर प्रशिक्षण का आयोजन किया। डा के के चोपड़ा, निदेशक 19 से 25 अगस्त तंक इस प्रशिक्षण के समन्वयक थे।

45. दिल्ली राज्य टास्क फोर्स की 21 अगस्त 2019 को मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज में बैठक हुई। एनडीटीबी केन्द्र संकाय ने बैठक में भाग लिया और इसके सदस्य डा के के चोपड़ा ने ''क्षयरोग अधिसूचना'' पर व्याख्यान दिया।

46. जेईईटी परियोजना के अंतर्गत 26 अगस्त 2019 को सेंट स्टीफन हस्पताल में सीएमई का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

47. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने 26 और 27 अगस्त 2019 को दो दिन की स्टेकहोल्डर कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला सूक्ष्मजीव प्रतिरोधकता का सामना करने के लिए नीतिगत कार्ययोजना विकसित करने के लिए आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा निदेशक ने कार्यशाला में भाग लिया।

48. 27 से 29 अगस्त 2019 को एसटीडीसी दिल्ली में दवा प्रतिरोधक क्षयरोग के कार्यक्रमबद्ध प्रबंधन पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक थे।

49. 30 अगस्त 2019 को आरबीआईपीएमटी वैज्ञानिक समिति की बैठक हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक, डा एम हनीफ बैक्टिरियोलाजिस्ट और डा निशि, स्टेटीशियन ने सदस्य के रूप में बैठक में भाग लिया।

50. डा के के चोपड़ा, निदेशक ने आरएसपीआईसीओएन इंडिया 2019 के दौरान विचार–गोष्ठी में भाग लिया और ''प्रयोगशाला निदान में नवीनतम विकास'' पर व्याख्यान दिया। यह विचार–गोष्ठी 31 अगस्त और 1 सितम्बर 2019 को एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में हुई।

51. 01 सितम्बर 2019 को भारतीय क्षयरोग संघ में 74वीं नेटकॉन वैज्ञानिक कार्यक्रम की तैयारी बैठक हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने वैज्ञानिक समिति के सदस्य के रूप में भाग लिया।

52 03 सितम्बर 2019 को दिल्ली राज्य के क्षयरोग निरीक्षकों के लिए एनटीईपी के तहत आपूर्ति श्रृंखला और निक्षय औषधि अद्यतनीकरण से संबंधित एक दिन का प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया। इसी प्रकार के प्रशिक्षण बैच 5 सितम्बर को एसटीएस के लिए और 6 सितम्बर को टीबी एचआईवी समन्वयक तथा 13 सितम्बर 2019 को डीईओ के लिए आयोजित किए गए।

53. 11 सितम्बर 2019 को एनडीटीबीसी दिल्ली राज्य एनटीईपी की टीबी–एचआईवी समन्वय समीक्षा बैठक हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने टीबी एचआईवी के मानदंडों पर जिलेवार डाटा प्रस्तुत किया।

54. राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) भारत सरकार और भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत क्षयरोगियों को डीबीटी के बारे में डाक कर्मचारियों तथा एनटीईपी को जागरूक करने के लिए 12 सितम्बर 2019 को एनडीटीबी केन्द्र में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने डाक एवं एनटीईपी कर्मचारियों को सहयोगात्मक ढांचे की कार्यात्मकता पर चर्चा की।

55. रोहिणी चैस्ट क्लीनिक ने दीन चंद बन्धु हस्पताल में ''एनटीईपी'' के अंतर्गत सीएमई आयोजित की। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने 17 सितम्बर 2019 को सीएमई में भाग लिया और ''एनटीईपी के तहत क्षयरोग प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

56. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 23 से 25 सितम्बर 2019 तक मेवात (हरियाणा) में डिजीटल एडहरेन्स टेक्नॉलजी समीक्षा का आयोजन किया। डा शंकर माटा एपीडिमालाजिस्ट ने इसमें भाग लिया।

57. दिल्ली ग्यानिकालिजस्ट फोरम, रोहिणी, दिल्ली ने ''जेनिटल टीबी'' पर सीएमई आयोजित की। डा के के चोपड़ा, निदेशक, एनडीबीसी ने 25 सितम्बर 2019 को सीएमई में भाग लिया और जेनिटल टीबी पर व्याख्यान दिया।

58. भारत के माननीय राष्ट्रपति ने 02 अक्तूबर 2019 को राष्ट्रपति भवन में टीबी सील जारी की। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

59. 03 अक्तूबर 2019 को मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज के दिल्ली सरकार के औषधालयों के सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला लेटेन्ट टीबी के निदान एवं प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एलटीबीआई के प्रबंधन में चुनौतियां'' विषय पर व्याख्यान दिया।

60. जेईईटी परियोजना के उपचार समन्वयकों के लिए एनडीटीबी केन्द्र में 04 अक्तूबर 2019 को कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एडहरेन्स फॉर टीबी केस'' पर व्याख्यान दिया।

61. वेंकटेश्वर हस्पताल, द्वारका द्वारा 06 अक्तूबर 2019 को रेडीसन ब्लू होटल, द्वारका में क्षयरोग अद्यतनता का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने 'एनटीईपी कहां से हम ने प्रारंभ किया और कहां हम पहुंचे'' विषय पर व्याख्यान दिया।

62. राष्ट्रीय रोग प्रसार सर्वेक्षण के अंतर्गत कार्यो पर चर्चा और योजना के लिए 07 अक्तूबर 2019 को आईसीएमआर और एसटीओ, दिल्ली राज्य के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में दिल्ली राज्य समूहों में सर्वेक्षण करने की लघु योजना पर चर्चा की गई और उसे अंतिम रूप दिया गया।

63. 14 अक्तूबर 2019 को एनडीएमसी एनटीईपी जिला डीआर समिति की बैठक हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक बैठक में विशेष आमंत्रित थे और उन्होंने डीआर क्षयरोग मामलों के प्रबंधन में नवीनतम परिवर्तनों'' पर चर्चा की। बैठक में एनडीएमसी चैस्ट क्लीनिक से जुड़े मेडिकल कॉलेजों के विभिन्न मुद्‌दों पर चर्चा की गई।

64. 15 अक्तूबर 2019 को एलजी हाउस में दिल्ली राज्य क्षयरोग संघ का टीबी सील अभियान आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने समारोह में भाग लिया और दिल्ली क्षयरोग संघ के क्रियाकलापों के बारे में बताया।

65. डीबीटी पर निक्षय डाटा और एनटीईपी रोगियों के उपचार के नतीजों पर नवीनतम जानकारी देने के लिए 21 अक्तूबर 2019 को एनडीटीबी केन्द्र पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिल्ली राज्य–एनटीईपी स्टाफ के साथ तीन चैस्ट क्लीनिकों के सभी निरीक्षकों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने कार्यशाला में भाग लिया। अन्य जिलों के लिए इसी प्रकार की कार्यशालाएं 23 और 24 अक्तूबर को आयोजित की गई।

66. 22 से 24 अक्तूबर 2019 को एम्स में अतिरिक्त प्लमनरी क्षयरोग प्रबंधन पर दिशा–निर्देशों के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

67. अपोलो टायर इंडस्ट्री ने 24 अक्तूबर 2019 को संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में सक्रिय मामलों का पता लगाने की परियोजना की समीक्षा आयोजित की। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया।

68. इस वर्ष 31 अक्तूबर से 2 नवम्बर 2019 तक हैदराबाद में वर्ल्ड लंग कान्फ्रेंस आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलॉजिस्ट ने इसमें भाग लिया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''भारत में लघु एमडीआर पथ्य के नतीजे'' पर और डा हनीफ ने ''स्पुटम परिवहन में डाक का उपयोग'' पर प्रस्तुति दी।

69. डीबीटी पर निक्षय डाटा और एनटीईपी रोगियों में उपचार के नतीजे पर नवीनतम जानकारी के लिए 05 नवम्बर 2019 को एनडीटीबी केन्द्र मे कार्यशाला हुई। दिल्ली राज्य–एनटीईपी स्टाफ के साथ तीन चैस्ट क्लीनिकों के सभी पर्यवेक्षकों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने कार्यशाला में भाग लिया। अन्य जिलों के लिए इसी प्रकार की कार्यशालाएं 19, 21, 26 और 28 नवम्बर 2019 को आयोजित की गई।

70. 07 नवम्बर 2019 को सिद्धार्थ होटल, दिल्ली में एनटीईपी दिल्ली में चिकित्सा अधिकारियों के लिए पीएमडटी के संशोधित दिशा–निर्देशों पर एक दिन का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया तथा ''एमडीआर क्षयरोग प्रबंधन में विशेष स्थितियों'' और ''प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाएं'' विषय पर व्याख्यान दिया।

71. इंद्रप्रस्थ अपोलो हस्पताल में एनटीईपी के अंतर्गत 08 नवम्बर 2019 को सीएमई आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

72. महात्मा गांधी मेडिकल विज्ञान संस्थान, वर्धा ने क्षयरोग नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए पीआरजे गंगाधरन प्रतिभा सम्मान दिया। इस वर्ष यह पुरस्कार 18 नवम्बर 2019 को डा के के चोपड़ा, निदेशक को दिया गया। पुरस्कार समारोह के दौरान डा के के चोपड़ा ने ''क्षयरोग में दवा प्रतिरोधकता–एक नैदानिक विचार'' पर व्याख्यान दिया।

73. क्षयरोग नियंत्रण में एनजीओ और जन नेताओं की भागीदारी पर दिल्ली क्षयरोग संघ ने 23 नवम्बर 2019 को एक कार्यक्रम का आयोजन किया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने क्षयरोग नियंत्रण पर चर्चा की।

74. केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग ने पूर्वी क्षेत्र के सीजीएचएस चिकित्सा अधिकारियों के लिए 25 और 26 नवम्बर 2019 को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम सीजीएचएस सुविधाओं में एनटीईपी के समेकन के लिए किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एनटीईपी के अंतर्गत क्षयरोग प्रबंधन'' पर चर्चा की। इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम 27 और 28 नवम्बर 2019 को मध्य दिल्ली के अन्य क्षेत्रो के सीजीएचएस औषधालयों के लिए आयोजित किया गया।

75. केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग ने 25 नवम्बर 2019 को मोबाइल वैन के उपयोग के बारे में वीडियो कान्फ्रेंस की। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने दिल्ली राज्य में वैन के उपयोग पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

76. 3 दिसम्बर, 2019 को 74वें नेटकॉन वैज्ञानिक कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए भारत क्षयरोग संघ मे एक बैठक का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने वैज्ञानिक कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में इसमें भाग लिया।

77. 04 दिसम्बर 2019 को ऑल इंडिया रेडियो पर क्षयरोग जागरूकता पर फोन–इन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने विशेषज्ञ के तौर पर इसमें भाग लिया।

78 04 दिसम्बर 2019 को एसटीडीसी हब से ईको क्लीनिक का आयोजन किया गया। यह परियोजना कियान्वयन योजना (पीआईपी) के संशोधित प्रारूप के बारे में डीटीओ की जागरूकता पर था। चैस्ट क्लीनिकों के सभी डीटीओ और एमओ ने कार्यक्रम में भाग लिया। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा अश्विनी खन्ना, एसटीओ, दिल्ली ने इसकी कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला।

79. दिल्ली क्षयरोग संघ ने 05 दिसम्बर 2019 को सामुदायिक कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम ''टीबी हारेगा देशा जीतेगा'' के प्रयोजनार्थ आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने डा के के चोपड़ा, निदेशक ने क्षयरोग उपचार और रोकथाम पर विशेष बल देते हुए क्षयरोग विज्ञान पर व्याख्यान दिया।

80. पश्चिम विहार के निजी चिकित्सकों के लिए 06 दिसम्बर 2019 को जेईईटी के अंतर्गत सीएमई आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने सीएमई में भाग लिया और ''क्षयरोग एवं क्षयरोग अधिसूचना'' पर व्याख्यान दिया।

81. श्री संजीव कुमार, विशेष सचिव (एच), एमओएचएफडब्लू ने सीजीएचएस/औषधालयों/वेलनेस केन्द्रो और सीजीएचएस सूचीबद्ध हस्पतालों/प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से एनटीईपी सेवाएं प्रारंभ करने का कार्य शुरू किया। इस कार्य के लिए सीजीएचएस के प्रभारी सीएमओ के लिए 9 दिसम्बर 2019 को दिल्ली के उत्तर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एनटीईपी के अंतर्गत क्षयरोग प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया। इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम 11 दिसम्बर 2019 को दक्षिण क्षेत्र में किया गया।

82. 09 और 13 दिसम्बर 2019 को एसटीडीसी से एक दिन की कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला ई–मॉड्यूल द्वारा विभिन्न श्रेणियों के प्रशिक्षित किए जाने वाले स्टाफ के लिए पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए की गई। द यूनीयन, केन्द्रीय क्षयरोग प्रभाग से और डब्लूएचओ ने कार्यशाला में भाग लिया।

83. 10 दिसम्बर 2019 को नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में दिल्ली राज्य एनटीईपी समीक्षा बैठक हुई। डा के के चोपड़ा, निदेशक एसटीडीसी ने 25 चैस्ट क्लीनिकों की तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा प्रस्तुत की। डा चोपड़ा ने ''दिल्ली राज्य में बीडीक्यू क्रियान्वयन'' पर भी आकलन दिया।

84. 12 दिसम्बर 2019 को एसटीडीसी दिल्ली में दिल्ली राज्य पीएमडीटी समिति की बैठक हुई। डी आरटीबी स्थलों के सभी नोडल अधिकारियों और प्रयोगशाला समन्वयकों ने अपने स्थलों की गतिविधियां सामने रखी।

85. 13 दिसम्बर 2019 को रेजीडेंट डॉक्टरों और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के संकाय के लिए एक दिन की सीएमई आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''दवा संवेदी और दवा प्रतिरोधक क्षयरोग के उपचार में नवीन परिवर्तनों'' पर व्याख्यान दिया।

86. 20 से 22 दिसम्बर 2019 तक चेन्नई में 74वी नेटकॉन का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलाजिस्ट ने सम्मेलन में भाग लिया। एनडीटीबी की भागीदारी में निम्नलिखित शामिल था :

- डा के के चोपड़ा, निदेशक को 74वीं नेटकॉन का अध्यक्ष नामांकित किया गया और उन्होंने अध्यक्षीय भाषण दिया।
- डा के के चोपड़ा, निदेशक ''विशेषज्ञ से मिलें'' सत्र के विशेषज्ञ थे।
- डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''क्षयरोग विज्ञान के विकास'' पर कार्यशाला का समन्वय किया और ''क्षयरोग के सामाजिक निर्धारकों'' पर व्याख्यान दिया।
- डा के के चोपड़ा, निदेशक ने ''एण्ड टीबी स्ट्रटेजी'' पर पैनल चर्चा का संचालन किया।
- डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलाजिस्ट ''एमडीआर क्षयरोग'' पैनल चर्चा में पैनल के सदस्य थे।
- डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलाजिस्ट ने वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता की।

